राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – अक्टूबर 2024

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना का संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुआ । परियोजना को 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण घोषित किया गया और मार्च 2024 में NSGM अनुदान की अंतिम किश्त जारी की गई। JVVNL ने स्मार्ट ग्रिड परियोजना के लिए वितरण सुधार समिति (DRC) की अनुमोदन/सिफारिशें प्रस्तुत की। JVVNL ने भारत सरकार के अंतिम अनुदान का उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार नियत सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ । शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटरों का निरीक्षण सम्पन्न हुआ एवं सस्थापना के लिए चंडीगढ़ को भेजे गए।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखी जा सकती है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. संयुक्त सचिव (वितरण) के तहत NSGM के पुनर्गठन और अप्रैल 2024 से आगे के विस्तार के लिए विचार-विमर्श किया गया। 9 अक्टूबर 2024 को RDSS की निगरानी समिति के अंतर्गत विचार के लिए विद्युत मंत्रालय को उक्त विषय पर प्रारूप अजेंडा प्रस्तुत किया।
2. निदेशक NPMU ने संयुक्त सचिव (वितरण) के अध्यक्ष में एशियाई विकास बैंक (ADB) और संबंधित हितधारकों के साथ हुई बैठक में भाग लिया, जिसमें "ऋण संख्या 4401-IND: विद्युत क्षेत्र सुधार प्रगति (उप कार्यक्रम -1)" के अंतर्गत तकनीकी सहायता (TA) में अद्यतन स्थिति और प्रगति पर चर्चा की गई।
3. 21 से 25 अक्टूबर 2024 तक निदेशक NPMU/EGSM ने CER, IIT कानपुर द्वारा प्रायोजित UK और बेल्जियम में आयोजित "विद्युत क्षेत्र में नियामक ढांचा – यूरोप में अनुभवों से सीख" पर संस्थागत क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लिया।
4. 22 अक्टूबर 2024 को मुख्य महाप्रबंधक NPMU ने जयपुर में आयोजित दक्षिण एशिया क्लीन एनर्जी फोरम (SACEF) 2024 में 'Next-Gen यूटिलिटीज के आधुनिकीकरण वितरण' विषय पर पैनल चर्चा में भाग लिया।
5. 17 अक्टूबर 2024 को ऊर्जा मंत्रालय की अनुदान मांगों (2024-25) के संबंध में ऊर्जा की स्थायी समिति (Standing Committee on Energy) द्वारा प्रस्तुत बिंदुओं की सूची के संबंध में NSGM से संबंधित इनपुट्स साझा किया गया।
6. 22 अक्टूबर 2024 को उप सचिव (वितरण), विद्युत मंत्रालय द्वारा NSGM के तहत स्वीकृत (चंडीगढ़ उपखंड - 5) स्मार्ट ग्रिड परियोजना की समाप्ति के संबंध में एक आभासी बैठक हुई।
7. अक्टूबर 2024 तक, विभिन्न स्थानों पर 1.60 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों / PFC और REC से 'EGSM' द्वारा एकत्रित और NSGM वेबसाइट पर विकसित और अनुरक्षित डैशबोर्ड पर होस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**